**हादसा** ज़रा सी लापरवाही ले गई जान... हादसा देख कांप उठी लोगों की रूह

# मालगाड़ी की चपेट में आयें 4 महिलाओं समेत 7 लोग, दो की मौत



**जबलपुर, नवभारत।** शनिवार रात्रि देश के पहले पिंक रेलवे स्टेशन से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई। मदन महल रेलवे स्टेशन पर पटरियां पार करते हुए 3 बच्चों सहित 7 यात्री मालगाड़ी की चपेट में आ गए। हादसे में एक महिला और एक बच्चे की मौत हो गई है, जबकि 5 घायलों का इलाज जारी है। फिलहाल रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार मदन महल रेलवे स्टेशन पर देर रात 11.15 बजे एक नरसिंहपुर जिले के रहने वाले तीन बच्चे और चार महिलाएं स्टेशन पर रेल ट्रैक पार कर रहे थे, इसी दौरान एक मालगाड़ी आ पहुंची और बच्चों सहित महिलाएं ट्रेन की चपेट में आ गए। इस हादसे में सभी साथ लोग घायल हो गए। जिनमें एक महिला ने शनिवार और 4 वर्ष के बच्चे ने रविवार को दम तोड़ दिया। वही घायलों को तत्काल मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया।

**जन शताब्दी से पहुंचे थे शहर**

बताया गया है कि चार महिलाओं समेत तीनों बच्चे रानी कमलापति-मदनमहल जनशताब्दी ट्रेन से शहर पहुंचे थे। ट्रेन से प्लेटफार्म में उतरने के बजाए यह लोग विपरीत दिशा में उतरकर पटरी पार करने लगे। इसी दौरान जबलपुर की ओर से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गए। घायलों को तुरंत 108 एम्बुलेंस की मदद से जबलपुर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही सीएसपी रितेश कुमार शिव, आरपीएफ पोस्ट प्रभारी सुजीत कुमार भी घटना स्थल पर पहुंचे।

**इनकी हुई मौत**

रेल सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार घटना के वक्त 39 वर्षीय पुष्पा सोनी की मौत हो गई, थी जबकि 4 वर्षीय बच्चे को आईसीयू में भर्ती किया गया जहां रविवार को उसकी भी मौत हो गई थी। जानकारी के मुताबिक नरसिंहपुर दादा महाराज के पास बनी बस्ती में रहने वाली शिवानी पटेल, नन्ही बाई, पुष्पा सोनी, रीति पटेल 4 वर्ष इद्रजीत पटेल 2 वर्ष एवं एक अन्य 4 वर्षीय बालक जबलपुर आए थे, शाम को ट्रेन से सभी वापस नरसिंहपुर जा रहे थे। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करने के दौरान चारों महिलाएं एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म जा रही थीं, लेकिन उन्होंने सीढ़ियों की बजाय ट्रेन की पटरियां पार करना ज्यादा आसान समझा, जब वे प्लेटफॉर्म से नीचे उतरकर पटरियां पार कर रही थीं, तभी एक मालगाड़ी आ गई और महिलाएं बच्चों सहित उसकी चपेट में आ गए। इस हादसे में पुष्पा और 4 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल मेडिकल अस्पताल भेजा गया, जहां पुष्पा ने इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। घटना के वक्त प्लेटफॉर्म पर ना तो जीआरपी का कोई कर्मचारी मौजूद था और ना ही आरपीएफ का जवान बहरहाल घटना के बाद जीआरपी और आरपीएफ के साथ ही मदन महल थाना पुलिस ने मेडिकल अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल चाल जाना।

**इनकी हालत नाजुक**

22 वर्षीय शिवानी पत्नी राहुल पटेल, 50 वर्षीय नन्ही बाई पत्नी गुलाब सिंह, 40 वर्षीय सानो बी पति यूनुस खान की हालत नाजुक बताई जा रही है।

**यात्री हमेशा फुट ओवर ब्रिज का करें उपयोग**

नवभारत द्वारा समय समय पर खबरें प्रकाशित कर रेल यात्रियों से अपील की जाती है है कि जरा से शॉर्टकट के लिए अपनी जिंदगी खतरे में न डाले वही रेल प्रशासन भी लगातार विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ-साथ रेलवे स्टेशनों पर उद्घोषणा कराता रहता है कि यात्री प्लेटफार्म के दूसरी तरफ व बाहर जाने के लिए हमेशा फुट ओवर ब्रिज का उपयोग करें लेकिन कई बार यात्री इस सावधानी को नजरअंदाज करते हैं, जिससे ही मदन महल स्टेशन जैसे हादसे होते हैं। शनिवार की देर रात यदि यात्री प्लेटफार्म के बाहर जाने के लिए एफओबी का इस्तेमाल करते तो यह हादसा टाला जा सकता था।

**क्या नहीं दिखे यात्री?**

जबलपुर से आ रही मालगाड़ी के चालक को पटरी पार करते यात्री नजर नहीं आये, क्योंकि शास्त्री ब्रिज के आगे कर्व है, जिससे लोको पायलट को पटरी पार करते यात्री नजर नहीं आये, वहीं यात्रियों को भी सामने से आती गाड़ी नजर नहीं आयी, जब तक वे कुछ समझ पाते, तब तक हादसा हो चुका था।

**इनका कहना है**

शनिवार को ट्रेन से उतरकर पैदल पटरी पार कर रही चार महिलाओं समेत तीन बच्चे मालगाड़ी की चपेट में आ गए। इसमें से एक महिला और एक बच्चे की मौत हो गई है। रेलवे प्रशासन हमेशा यात्रियों से अपील करता है कि स्टेशनों पर बने ओवरब्रिज का इस्तेमाल करे ना कि पटरियों का।

**हर्षित श्रीवास्तव**
**सीपीआरओ, पमरे**

# जिले में सरपंच के 2 और पंच के 172 पदों पर होगा चुनाव

**आज प्रकाशित होगी निर्वाचन सूचना 29 दिसंबर को मतदान संभावित**

**नवभारत, जबलपुर।** जिले में पंचायत उपनिर्वाचन 2025 (उत्तरार्द्ध) के तहत सरपंच के 2 तथा पंच के 172 रिक्त पदों पर चुनाव की प्रक्रिया 8 दिसंबर से शुरू हो जाएगी। सुबह 10.30 बजे निर्वाचन सूचना प्रकाशित होते ही नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ होगी। उम्मीदवार 15 दिसंबर दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। स्थानीय निर्वाचन कार्यालय के अनुसार सरपंच के 2 पद ग्राम पंचायत मादा (पाटन) और बुधुआ (सिहोरा) में रिक्त हैं। पंचों के 172 पदों में कुण्डम में 1, जबलपुर, शहपुरा और सिहोरा में 2-2, मझौली में 5 तथा पाटन जनपद पंचायत में सर्वाधिक 160 पद शामिल हैं।

**रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने सभी जनपद पंचायतों में रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। संबंधित क्षेत्रों के तहसीलदार रिटर्निंग अधिकारी तथा नायब तहसीलदार सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे।

**नामांकन की जांच 16 को, नाम वापसी 18 तक**

नामांकन पत्रों की जांच 16 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे से होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 18 दिसंबर दोपहर 3 बजे निर्धारित की गई है। इसके बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची और चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। आवश्यकता होने पर मतदान 29 दिसंबर को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। सरपंच पद के लिए ईवीएम और पंच पद के लिए मतपत्र का उपयोग किया जाएगा। पंच पद की मतगणना मतदान केंद्रों पर तुरंत होगी, जबकि सरपंच पद की मतगणना 2 जनवरी सुबह 8 बजे से शुरू होगी। पंच पद के परिणामों का सारणीकरण और घोषणा 5 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से की जाएगी। सरपंच पद के परिणाम 2 जनवरी को सुबह 10.30 बजे घोषित किए जाएंगे।

# गाय के बाद किसानों के सामने अब जान की आफत

**मझौली के इंद्राना में तेंदुआ के प्रति दहशत व्याप्त**



**नवभारत, जबलपुर।** मझौली के ग्राम इंद्राना के खेत में टहल रही गाय को उठाकर उसका शिकार करने के बाद स्थानीय ग्रामीणों में तेंदुआ के प्रति काफी दहशत व्याप्त हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तेंदुआ खेत ये गाय उठाकर ले जा सकता है तो फिर किसान को क्यों नहीं उठाकर ले जा सकता। स्थानीय किसानों ने वन विभाग के अमले से मांग की है कि पिछले 5 दिनों से तेंदुआ व उसके परिवार को पकड़कर कहीं और जंगल में छोड़ा जाए क्योंकि तेंदुआ के कारण वे चैन से नहीं रह पा रहे हैं। उधर वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को सुबह व देर शाम को अकेले जंगल तरफ न जाने की सलाह दी है। इस संबंध में डीएफओ ऋषि मिश्रा का कहना है कि तेंदुआ के मूवमेंट में वन विभाग की टीम द्वारा नजर रखी जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों का ये भी कहना है कि तेंदुआ अपने जंगलीय क्षेत्र में विचरण कर रहा है जिसका नियमानुसार रेस्क्यू करना उचित नहीं हैं , वह अगर किसी गांव या विशेष जगह पर अपना डेरा जमाता है तो फिर उसका रेस्क्यू किया जाएगा। फिलहाल ग्रामीणों को सतर्कता बरतने कहा जा रहा है।

**घरों की छतों तक पहुंच रहा तेंदुआ**

इंद्राना के ग्रामीणों ने नवभारत से ये भी बताया कि बीते कुछ दिनों से तेंदुआ लोगों के घरों की छतों में धूप सेंकते देखा गया है जिसके बाद दहशत और ज्यादा बढ़ गई है। गौरतलब है कि शिकार की तलाश में तेंदुआ जंगल से बाहर की ओर निकल रहे हैं और किसानों को नजर आ रहे हैं।

# सीसीटीव्ही की रिकार्डिंग करे पेश : हाईकोर्ट

**निवारी एसपी को निर्देश एसएचओं से मांगे स्पष्टीकरण**

**जबलपुर।** पुलिस कस्टडी से एक युवक के भाग जाने पर उसके परिवार वालों को परेशान करने में पुलिस कोई कसर नहीं छोड़ रही है। पुलिस प्रताड़ना से तंग आकर परिवार ने हाईकोर्ट की शरण ली है। हाईकोर्ट ने पुलिस अधीक्षक निवारी को निर्देशित किया है कि उक्त आरोपों के संबंध में चकरपुर पुलिस चौकी के एसएचओं नीरज लोधी से स्पष्टीकरण तलब करें। जस्टिस हिमांशु जोशी की



एकलपीठ ने चौकी प्रभारी के कक्ष में लगे सीसीटीवी के 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2025 के बीच की रिकॉर्डिंग पेश करने के निर्देश दिये है, इसके साथ ही मामले की अगली सुनवाई 20 जनवरी को निर्धारित की है। नवारी के राजपुरा गांव में रहने वाले ज्ञान सिंह राजपूत व अन्य की ओर से अधिवक्ता संतोष आनंद ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि एक लडक़ी की गुमशुदगी के आरोप में पुलिस ने याचिकाकर्ता के पुत्र रतिराम को 3 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। रतिराम 5 अक्टूबर को चौकी से भाग गया। इसके बाद पुलिस ने सबसे पहले उसके पिता को 7 अक्टूबर को गिरफ्तार किया और अगले दिन छोड़ा। इतना ही नहीं युवक की मां, भाभियों, जीजा व नाबालिग बच्चों तक को चौकी में बुलाकर मारपीट व मानसिक प्रताडऩा दी। परिजनों के मोबाइल, आईडी रख ली और कहा कि युवक को ढूढ कर लाओ। पुलिस अधीक्षक को शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की गईं। जिसके बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# सड़क हादसों में चार की मौत, पांच घायल

**जबलपुर।** शहर एवं ग्रामीण अंचल में हुए अलग अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई जबकि पांच घायल हो गए। यह सड़क हादसे बरेला, कोतवाली, कटंगी, तिलवारा में हुए है । बरेला पुलिस ने बताया श्रीमति सिया बाई सोयाम 31 वर्ष निवासी ग्राम कुटेली ने सूचना दी कि उसकी रिश्ते की दादी श्रीमति सुकरती बाई बरकड़े 64 वर्ष घर के पास बाहर रोड किनारे बैठी थी तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे सुकरती बाई को सिर एवं शरीर में चोटें आ गई और उनकी मौत हो गई। इसी प्रकार कोतवाली पुलिस ने बताया कि रोशन पटेल 35 वर्ष निवासी चेरीताल राजीव नगर ने सूचना दी कि बल्देवबाग चौराहा में एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 35 वर्ष का सड़क दुर्घटना में सिर कुचला हुआ पड़ा था जिसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर मर्ग कायम कर अज्ञात मृतक की शिनाखत्गी के प्रयास किये जा रहे हैं। वहीं बरेला थाने में सूरज बर्मन 30 वर्ष निवासी भानतलैया हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सर्विस रोड़ पर मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एनसी 2821 के चालक ने कृष्णकुमार बर्मन की बाइक में टक्कर मार दिया जिससे कृष्णकुमार एवं भारत सिंह को चोटें आईं।

**कार- ई-रिक्शा में भिड़ंत**

कटंगी थाना में वीरेन्द्र रजक 29 वर्ष निवासी धनवंतरीनगर थाना संजीवनीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोहला तिराहा मेन रोड पर पहुँचे कटंगी तरफ से आ रही अर्टिगा कार क्रमांक एमपी 34 सीए 2352 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये पीछे से ईरिक्शा में टक्कर मार दिया जिससे ई रिक्शा में बैठे उसके भाई गगन रजक, संजय सेन एवं चालक अखिल गुप्ता के चोट आ गई।

**युवक को घसीटता हुआ ले गया ट्रक**

तिलवारा थाना क्षेत्र में बेलगाम ट्रक युवक को घसीटता हुआ ले गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सुनील बाल्मीक 32 वर्ष निवासी ग्राम खांड इंद्राना थाना मझौली ने सूचना दी वह मेडिकल कॉलेज में सफाई का काम करता है रविवार को भाई मनोज अपनी मोटर सायकल ग्राम घाना से जबलपुर जा रहा था फारेस्ट नाका तिलवारा बड़े पुल के पास ट्रक क्रमांक केए 67/1139 ने कुचल दिया हादसे में भाई मनोज बाल्मीक 30 वर्ष की मौत हो गई।

**कार ने कुचला, घायल ने तोड़ा दम**

बरेला थाना अंतर्गत स्मार्ट टाउन के पास मैन रोड पर 2 दिसम्बर को कार ने बाइक सवार को कुचल दिया था। हादसे में घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। पुलिस के मुताबिक मदन कुमार उरेती निवासी ग्राम छोटी पापरी ने शनिवार देर रात्रि रिपोर्ट दर्ज कराई कि 2 दिसम्बर की रात्रि करीब 9:30 बजे उसके बड़े भाई अरविंद कुमार उरेंती को सूरत काम के लिये जाना था, उसे छोड़ने के लिये भाई पंचम उरेती अपनी मोटरसाइकल नयी एस पी साइन से स्टेशन छोड़ने जा रहा था, ट्रेन छूट जाने के कारण दोनों उसी मोटरसाइकल से गौर से वापस होकर घर आ रहे थे, तभी स्मार्ट टाउन के पास मैन रोड पर सामने सिलुआ की ओर से एक कार क्रमांक एमपी 20 सीजे 9592 के चालक ने मोटरसाइकल में जोरदार टक्कर मार दी थी। दोनों भाईयों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान बीती रात भाई अरविन्द्र कुमार उरेती की मौत हो गई।

# जल्दी मिलेंगे नए एएलपी, बोर्ड ने पूरी की प्रक्रिया

**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर व उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर को 617 सहायक लोको पायलट मिलने जा रहे हैं। दोनों ही रेल मंडलों में इन पदों की लंबे समय से मांग की जा रही थी। इन पदों के लिए रेलवे भर्ती बोर्ड अजमेर द्वारा भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और अंतिम परिणाम जारी कर दिया गया है। यह भर्ती 2024 की रेलवे की सबसे पहली भर्ती थी। दस्तावेज सत्यापन व मेडिकल परीक्षण के बाद अंतिम रूप से चयनित कुल 617 अभ्यर्थियों में सामान्य वर्ग के 294, एससी वर्ग के 85, एसटी वर्ग के 46, ओबीसी वर्ग के 130 और ईडब्ल्यूएस के 62 अभ्यर्थी हैं। आरआरबी अजमेर के मुताबिक दस्तावेज सत्यापन व मेडिकल फिटनेस टेस्ट के बाद उपयुक्त पाए गए अभ्यर्थियों को अनंतिम (प्रोविजनली) रूप से चयनित कर नियुक्ति के लिए महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर एवं पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर को सिफारिश की गई है। आरआरबी ने अंतिम परिणाम के साथ पहली बार कट ऑफ मार्क्स एक साथ जारी की है। पूर्व में परिणाम अलग व कट ऑफ मार्क्स अलग से जारी किए जाते थे। इधर, आरआरबी ने सहायक लोको पायलट पदों के लिए दस्तावेज सत्यापन का द्वितीय चरण 18 को आयोजित किया जाएगा। कुल 109 अभ्यर्थी चयनित किए गए हैं। इनके रोल नंबर भी जारी किए गए हैं।

**बिना लाइसेंस खरीद रहे थे धान, दुकान सील**


# साक्षी सेल्स से मिली अवैध भंडारित धान जब्त



**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार उपार्जन व्यवस्था में गड़बड़ी रोकने के लिए प्रशासन द्वारा रोजाना सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में रविवार को पनागर के ग्राम पुरैना में राजस्व विभाग की टीम ने नायब तहसीलदार के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भंडारित 134 कट्टा धान जब्त किया। यह धान पुरैना स्थित साक्षी सेल्स नामक दुकान में बिना किसी लाइसेंस के खरीदा और संग्रहित किया गया था। कार्रवाई के दौरान टीम ने दुकान को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। जब्त धान का विक्रय रोककर उसे दुकान संचालक की सुपुर्दगी में रखा गया है।

# युवती से दरिंदगी की कोशिश

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत नेता कॉलोनी में युवती के साथ घर में दरिंदगी की कोशिश की गई। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मंडला निवासी युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पिता के निधन के बाद मां नेता कॉलोनी में किराए के मकान में रहती है जिनकी पहचान सलीम खान से है वह मां से मिलने जबलपुर आई थी। सलीम खान घर पर ही था। रात करीब दस बजे जब वह मोबाइल चला रही थी तभी सलीम खान ने उसे पकड़ लिया



और जबरदस्ती करने लगा जिसे धक्का दे दिया था। डर के कारण चुप थी। सुबह नौ बजे जब वह छत पर थी तभी सली आया और पुन: उसे पकड़कर जबरदस्ती करने लगा। इसके बाद उसने परिजनों को अपबीती सुनाई और थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

# कोर्ट का नोटिस तामील कराने पहुंचे प्रधान आरक्षक से अभद्रता

**गोरखपुर थाने में दर्ज हुई एफआईआर**

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत आदर्श नगर ग्वारीघाट रोड पर एक घर में कोर्ट का नोटिस तामील कराने पहुंचे संजीवनी नगर थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक के साथ अभद्रता की गई। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक संजीवनी नगर थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक संतोष पटेल ने रविवार को गोरखपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि ड्यूटी दौरान मुंशी द्वारा उसे अजीत आनंद निवासी ग्वारीघाट रोड आदर्श नगर गोरखपुर का उच्च न्यायालय जबलपुर के परिपालन में एक नोटिस तामील के लिए दिया गया। जिसे लेकर वह गोरखपुर थाना क्षेत्रांतर्गत नोटिसी अजीत आनंद के घर आया था । अजीत आनंद के न मिलने से उनकी पत्नी से अजीत आनंद के संबंध में पूछा गया उन्होंने बताया कि वह अभी घर पर नहीं है तो उन्हे बताया कि उच्च न्यायालय से आपके पति अजीत आनंद का नोटिस आया। जिसे संजीवनी नगर थाने से तामील करने आया हूं। नोटिस को अजीत आनंद की पत्नी को तामील कराकर थाने से प्राप्त एक और नोटिस का तामील करने गोरखपुर गुरूद्वारे के पीछे जा रहा था तभी रास्ते में बंदरिया तिराहे के पास मोबाइल पर अजीत आनंद के मो.नं. से फोन आया जिन्होंने अभद्रता करते हुए गालीगलौच करते हुए फोन काट दिया।

SPARK CONVENT SCHOOL
ADMISSION OPEN 2025-2026
सम्पर्क
Branch-1: New Kanchanpur, Near Neher, Adhartal, Jabalpur MP (Nursery to 8th)
Branch-2: Vatsala Hill View, Sainik Society, Shakti Nagar, Gupteshwar, Jabalpur MP (Nursery to 5th)
Ph. 0761-4923248, Mob. 9425868370

भवन निर्माण
₹ 1500/- वर्गफुट कंस्ट्रक्शन
माड्यूलर किचिन लेटबाथ स्टील रेलिंग बिजली पानी, मटेरियल सहित, कम्पलीट वर्क
संपर्क करे कमलेश पटेल- मो.नं. 6260334877

नव भारत
आवश्यकता है
पद की योग्यता
देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के जबलपुर संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।
एकाउंटेंट (टेली एवं 5 वर्ष का अनुभव)
बिलिंग ऑपरेटर (एमआईएस एवं 5 वर्ष का अनुभव)
रिपोर्टर (महिला+ पुरुष) (2 वर्ष का अनुभव एवं बी.जे.सी एवं एम.जे.सी)
डीटीपी ऑपरेटर (5 वर्ष का अनुभव एवं कोरल ड्रा अनिवार्य)
रिकवरी एग्जीक्यूटिव (ग्रेजुएशन एवं 5 वर्ष का अनुभव)
संपर्क करें
कार्यालय- नवभारत प्रेस, चौथापुल, महर्षि स्कूल के सामने, जबलपुर (दोपहर 12 से शाम 8 बजे तक )
9752721239, 8305852507
hr.navabharat1934@gmail.com

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57